परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्थान

Atomic Energy Education Society

Session – 2023-24

Class: 5 पाठ -1 Subject: HINDI

Name of the Topic- राख की रस्सी

1.वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्नों के सही विकल्प पर सही ( ) का निशान लगाइए

1.सौनगवसैन कहाँ का राजा था?

(क) तिब्बत का (ख) मगध का (ग) कलिंग का (घ) मिस्र का

(ii) लोनपो गार ने अपने पुत्र को शहर भेजते समय क्या दी थीं ?

(क) दो सौ भेड़ें (ख) सौ भेड़ें (ग) पचास बकरियाँ (घ) दो मुर्गे

(iii)लोनपो ने अपने पुत्र को शहर से क्या लाने के लिए कहा था ?

(क) चावल (ख) गेहूँ (ग) मक्का (घ) जौ

(iv) लड़की लोनपो के पास राख की रस्सी कैसे ले गई थी?

(क) सिल समेत (ख) चूर्ण बनाकर (ग) मुट्ठी में रखकर(घ) बिना जलाए

(v) लोनपो ने लड़की के सम्मुख क्या प्रस्ताव रखा ?

(क) नौकरी का (ख) मंत्री बनने का (ग) अपने पुत्र से शादी का (घ) इनमें से कोई नहीं

(vi) लोनपो गार राजा के क्या थे?

(क) बेटा (ख) मंत्री (ग) शिक्षक (घ) सैनिक

vii) लड़की कैसी थी ?

(क) चालाक (ग) समझदार (ख) सीधी-साधी (घ) बुद्धू

viii) लड़के की शहर में मदद किसने की ?

(क).दोस्त ने (ख) . मंत्री ने (ग) राजा ने (घ) लड़की ने

ix) **रस्सी** शब्द का बहुवचन क्या होगा ?

(क). रस्सीयाँ (ख) रस्सियों (ग) रस्सियाँ (घ) रससिया

X) लड़की ने राख की रस्सी पहनने की शर्त किसके सामने रखी ?

(क).. राजा के (ख) मंत्री के (ग) लड़के के (घ) सैनिक के

2. .गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

एक बार फिर निराश लोनपो गार का बेटा शहर में उसी जगह जा बैठा । न जाने क्यों उसे यकीन था कि वह लड़की उसकी मदद के लिए जरूर आएगी और हुआ भी कुछ ऐसा ही, वह लड़की आई। उससे उसने अपनी मुश्किल कह सुनाई, "अब तो बिना जौ के सौ बोरों के मेरे पिता मुझे घर में नहीं घुसने देंगे।" लड़की सोचकर बोली, "एक तरीका है ।" उसने भेड़ों के सींग काट लिए। उन्हें बेचकर जो रुपये मिले उनसे सौ बोरे जौ खरीदे। बोरे लोनपो गार के बेटे को सौंपकर लड़की ने उसे घर भेज दिया|

Edit with WPS Office

I) लोनपो गार के बेटे को क्या यकीन था ?

ii) घर वापस जाने के लिए लोनपो गार के पुत्र को क्या करना था ?

(iii) भेड़ों के सींग किसने काटकर क्यों बेचे ?

(iv)लोनपो गार का बेटा कैसा था ?

(v) शहर में उसकी सहायता किसने की ?

3. लघु उत्तरीय प्रश्न

1.लोनपो गार कौन था? वह क्यों प्रसिद्ध था?

2.लोनपो गार की चिंता का विषय क्या था ?

3.दूसरी बार शहर जाने पर लोनपो गार के पुत्र ने बैठने के लिए पुरानी जगह को ही क्यों चुना?

4.पहली बार जौ के सौ बोरे लाए देखकर लोनपो गार ने क्या किया?

5.मंत्री ने अपने बेटे को शहर क्यों भेजा था?

4.दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1.पहली बार शहर जाकर लोनपो गार का पुत्र क्यों दुखी था तथा वहाँ उसकी मदद के लिए कौन आया ?

2.लड़की ने लोनपो गार के पुत्र की मदद के लिए भेड़ों को दोनो बार किस प्रकार सहायक बनाया?

Edit with WPS Office

3. लड़की ने राख की रस्सी कैसे बनाई ? फिर उसका क्या किया?

4. लोनपो गार ने दूसरी बार बेटे से क्या कहा?

5. मंत्री ने बेटे से कहा, "पिछली बार भेड़ों के बाल उतार कर बेचना मुझे ज़रा भी पसंद नहीं आया । "क्या मंत्री को सचमुच यह बात पसंद नहीं आई थी? अपने उत्तर का कारण भी बताओ।

6 क्या होता यदि लोनपो गार के बेटे की मुलाकात शहर में लड़की से न हुई होती ?

7.क्या होता यदि लोनपो गार का पुत्र उन्हीं भेड़ों के साथ तीसरी बार शहर भेज दिया जाता ?

8.जौ एक अनाज है, जिसका उपयोग खाद्य पदार्थ के रूप में किया जाता है। ऐसे ही छः अनाजों के नाम लिखिए|

9. संज्ञा किसे कहते हैं ?उदाहरण सहित समझाइए।

10. क्या मंत्री का अपने बेटे की शादी लड़की से करवाना सही निर्णय था ?क्यों?

व्याकरण

I) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।

Edit with WPS Office

i)समस्या x ____________

(ii) दु:खीx ___________

(iii) असंभवx _____________

2) वाक्य बनाओ

- जौ -____
- रस्सी- ____
- तिब्बत-____

3) संज्ञा के मुख्यत: तीन भेद हैं- जातिवाचक, व्यक्तिवाचक एवं भाववाचक दिए गए शब्दों को संज्ञा भेद के आधार पर छाँटकर लिखिए-

शहर, तिब्बत, सौनगवसैन, घर, लड़की, लोनपो, गांपो, बोरा, बेटा, रस्सी, आगरा

(i) व्यक्तिवाचक ____

(ii) जातिवाचक ____

4) इन शब्दों के अर्थ लिखो |

- असंभव _____________
- राख ______________

5. लिंग बदलो

- राजा ___________
- लड़की ___________
- रस्सी ____________

6 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए|

1.दिए गए संकेत बिंदुओं की मदद से एक कहानी लिखो-

एक राजा एवं उसके तीन बेटे, राजकाज चलाने की शिक्षा, तीनों को नाशपाती का पेड़ लगाने की

जिम्मेदारी, अलग-अलग मौसम में तीनों का लौटकर अलग-अलग वर्णन, तीन सीखें-

किसी चीज़ को लंबे समय तक परखो।

हर मौसम एक-सा नहीं होता।

अपनी बात पर अड़े मत रहो और ज्ञानी की सलाह मानो ।

Edit with WPS Office

2. दूसरों की सहायता करना अच्छी बात है| क्या तुम दूसरों की सहायता करते हो? यदि हाँ, तो अपने द्वारा किए गए ऐसे कार्य लिखो, जो तुमने किसी और की सहायता के लिए किए हो|

3. इस पाठ का कोई और शीर्षक सोचिए ।उस शीर्षक को चुनने का कारण बताओ।

4. इस कहानी से क्या शिक्षा मिली है? विस्तार से बताओ।

5. राख की रस्सी पाठ में लड़की के बारे में पाँच वाक्य लिखो|

Edit with WPS Office